उत्तर प्रदेश होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होमियोपैथी भवन
2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ–226018
मो0नं0 7607355882
ई–मेल–registrar@hmbup.in

पत्रांक–521 एच0एम0बी0/2023
दिनांक 28/07/2023
अनुस्मारक –2

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबंधक,
समस्त डी0एच0पी0 कालेज,
उत्तर प्रदेश।

द्वारा–बोर्ड वेबसाइट

विषयः– डी0एच0पी0 सत्र–2020 –22 का नामांकन जारी करने व परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध मे अग्रिम कार्यवाही हेतु वांचित सूचनाये उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपुर्यक्त विषयक, अवगत कराना है कि होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सचालित निजी क्षेत्र के डी0एच0पी0 कालेजों मे हुई वर्ष 2019–20, 2020–21, 2021–22 छात्रवृत्ति प्रतिपूर्ति मे अनियमितता के दृष्टिगत उक्त की जांच अर्थिक अपराध अनुसधान द्वारा की जा रही है। बैच–2020–22 आनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार कुल 175 कालेजो के 7712 छात्र/छात्राओ द्वारा निधारित शुल्क जमा कराते हुए आनलाइन नामांकन जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। **परन्तु उक्त से परिलक्षित नही हो रहा है कि सम्बन्धित छात्र–छात्राओं द्वारा कालेजो में उक्त अवधि में कक्षाएं संचालित हुई है अथवा नही या छात्रो द्वारा कालेजो में अध्ययन किया गया है अथवा नही।** उक्त अवधि के छात्रों का नामांकन जारी किये जाने एवं परीक्षा कराये जाने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों की आवश्यकता है–

1.इन्फास्ट्रक्चर के अन्तर्गत क्लास रूम व लैब की फोटोग्राफ।
2.कालेज में कार्यरत शिक्षिको का विवरण व सैलरी स्लिप की इलेक्ट्रानिकली कम्यूटर जनरेटेड फोटोग्राफ।
3.उक्त अवधि में कालेज में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की उपस्थिति पंजिका की छायाप्रति/अटेन्डेन्ससीट, बायोमैट्रिक/मैनुवल प्रारूप में।

अतः समस्त सम्बन्धित कालेजों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने–अपने कालेज से सम्बन्धित सूचना स्पीड पोस्ट/ ई–मेल के माध्यम से तीन कार्य दिवस के भीतर बोर्ड कार्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि संबधित छात्र–छात्राओं का नामांकन जारी किये जाने संबधित अग्रिम कार्यवाही कराते हुए वर्ष 2020–2022 की परीक्षा कराई जा सके। यदि सम्बन्धित कालेज द्वारा ससमय कार्य पूर्ण नही कराया जाता है, वर्ष 2020–2022 की परीक्षा कराई जा सके। यदि सम्बन्धित कालेज द्वारा ससमय कार्य पूर्ण नही कराया जाता है तो इसका सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित कालेज के प्राचार्य/प्रबंधक का होगा।

भवदीय,
28/07/2023
(विनय कुमार त्रिपाठी),
रजिस्ट्रार।

पत्रांक संख्या एवं तददिनांक–

प्रतिलिपि, नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार।